iii) संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा. भीम राव अम्बेडर जी थे।

सही का चयन कीजिए।

(क) केवल i

(ख) केवल ii एवं iii

(ग) i, ii एवं iii

(घ) कोई नहीं

प्र. 15 संविधान सभा के सदस्यों में से जिसका सम्बन्ध प्रशासन से था, वह है :

i) डा. राजेन्द्र प्रसाद

ii) बी एस. राव

iii) एस. एन. मुंशी

iv) के. एम. मुंशी

सही विकल्प का चयन कीजिए–

(क) केवल (i)

(ख) केवल (ii) एवं (iii)

(ग) केवल (ii)

(घ) (iv), (ii) एवं (iii)

प्र. 16 उद्देश्य प्रस्ताव नेहरू जी ने पेश किया था :

(क) 13 दिसम्बर 1946 को

(ख) 26 नवम्बर 1945 को

(ग) 26 जनवरी 1947 को

(घ) 15 अगस्त 1947 को

प्र. 17 अल्पसंख्यकों के लिए पृथक निर्वाचिका के सबसे प्रबल पक्षधर थे:

(क) आर. वी धुलेकर

(ख) बी. पोकर बहादुर

(ग) बेगम एजाज रसूल

(घ) सरदार बल्लभ भाई पटेल

प्र. 18 जिसके द्वारा यह कहा गया कि अल्पसंख्यक' शब्द की व्याख्या आर्थिक आधार पर की जानी चाहिए वह है –

(क) जयपाल सिंह (ख) एन. जी. रंगा

(ग) महात्मा गाँधी (घ) बालकृष्ण शर्मा

प्र. 19 महात्मा गाँधी जी के अनुसार राष्ट्रभाषा में जो विशेषता नहीं होनी चाहिए, वह है :

(क) एक समूह तथा शक्तिशाली भाषा हो

(ख) मानवीय विचार तथा भावनाओं के पूरे समुच्य को अभिव्यक्ति देने वाली होनी चाहिए।

(ग) राष्ट्रभाषा ऐसी हो जिसे लोग आसानी से न समझ सकें।

(घ) विभिन्न समुदायों के बीच संचार का माध्यम होनी चाहिए।

प्र. 20 युग्मों को सुमेलित कीजिए–

सूचियाँ		विषय
i	केन्द्र सूची	A आय कर तथा आबकारी शुल्क
ii	राज्य सूची	B जमीन तथा सम्पत्ति कर
iii	समवर्ती सूची	C सीमा शुल्क तथा कम्पनी कर

सही विकल्प चुनिए।

(क) i-C, ii–A, iii–B

(ख) i–C, ii–B, iii–A

(ग) i–B, ii–A, iii–C

(घ) i–A, ii–B, iii–C

प्रश्न 21. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और 14 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को संविधान सभा में बोलते हुए इस व्यक्ति का नाम लिखिए।

उद्धरण आधारित प्रश्न (3 अंक वाले)

I. दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे

बम्बई की हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए न्याय की माँग की, आरक्षित सीटों की नहीं और न ही पृथक चुनाव क्षेत्र की :

हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे। हमने सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय की माँग की है। हमने उस बराबरी की माँग की है जिसके बिना परस्परिक आदर और समझ नहीं बन सकते, जिसके बिना पुरुष और महिला के बीच वास्तविक सहयोग संभव नहीं है।

(A) महिलाओं के लिए न्याय की माँग की थी :

(क) बम्बई की हंसा मेहता ने
(ख) पूना की हंसा मेहता ने
(ग) मद्रास की दक्षायणी वेलायुधान ने
(घ) पूना की दक्षायणी वेलायुधान ने

(B) महिलाओं के लिए न्याय की माँग का अर्थ है :

(क) सामाजिक न्याय (ख) आर्थिक न्याय
(ग) राजनीतिक न्याय (घ) उपरोक्त सभी

(C) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) के रूप में तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।

कथन (A) – आर्थिक न्याय ही सामाजिक न्याय का द्वारा है।

कारण (R) – लैगिंक भेदभाव को मात्र आरक्षित सीटें देकर समाप्त नहीं किया जा सकता।

(क) केवल कथन (A) सही है।
(ख) केवल कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।

(D) महिलाओं के लिए न्याय की माँग उठाई गई, क्योंकि :

(क) बँटवारे के दौरान महिलाओं पर बहुत अत्याचार हुए।

(ख) पुरुष और स्त्री के बीच वास्तविक सहयोग बिना पारस्परिक आदर और समझ के संभव नहीं है।

(ग) विशेषाधिकारों की प्राप्ति से ही न्याय की प्राप्ति संभव है।

(घ) उपरोक्त सभी।

II.

A) चित्र में दर्शाए गए दो महान विभूतियाँ हैं :

(क) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(ख) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल

(ग) सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(घ) बी.एन. राव और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

B) संविधान सभा के अध्यक्ष थे :

(क) बी.एन. राव (ख) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर

(ग) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (घ) सरदार वल्लभ भाई पटेल

C) संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे :

(क) बी.एन. राव (ख) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर

(ग) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (घ) सरदार वल्लभ भाई पटेल

D) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है –

कथन (A) – संविधान सभा में हुई चर्चाएँ जनमत से भी प्रभावित होती थीं।

कारण (R) – संविधान सभा उन लोगों की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का साधन मानी जा रही थी जिन्होंने स्वंतंत्रता के आंदोलनों में हिस्सा लिया था।

(क) केवल कथन (A) सही है।

(ख) केवल कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।

लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले)

1. भारतीय संविधान के उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शो पर जोर दिया गया है? स्पष्ट कीजिए।
2. उद्देश्य प्रस्ताव में 'लोकतांत्रिक' शब्द का इस्तेमाल न करने के लिए जवाहर लाल नेहरू ने क्या कारण बताया था? विवेचना कीजिए।
3. भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू करने के पीछे संविधान निर्मताओं की मंशा को व्यक्त कीजिए।
4. संविधान सभा में 'पृथक निर्वाचिका' के पक्ष तथा विपक्ष में दिए गए बयानों की व्याख्या कीजिए।
5. भारतीय संविधान किस प्रकार केन्द्र सरकार और राज्यों के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता है? स्पष्ट कीजिए।
6. एन.जी. रंगा द्वारा 'अल्पसंख्यक' शब्द की व्याख्या किस प्रकार की गई और उन्होंने देश में व्याप्त किस विशाल खाई की ओर संकेत किया स्पष्ट कीजिए।
7. 'संविधान सभा में की जाने वाली चर्चाओं को जनमत प्रभावित करते थे।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

8. 'संविधान सभा अंग्रेजों की योजना को साकार करने का काम कर रही थी।' सोमनाथ लाहिड़ी के इस कथन की पुष्टि कीजिए।

9. संविधान में कितनी सूचियाँ बनाई गई थीं? प्रत्येक सूची के अन्तर्गत आने वाले किसी एक विषय का नाम लिखिए।

10. भारतीय संविधान की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

11. व्याख्या कीजिए कि 1946 से पहले संवैधानिक विकास, संविधान सभा द्वारा किये गये विकास से किस प्रकार भिन्न था?

12. संविधान सभा में हुई चर्चाओं के दौरान बहुत सारे नेताओं ने सुदृढ़ केन्द्र की माँग क्यों की?

13. 'उद्देश्य प्रस्ताव' कब व किसके द्वारा पेश किया गया तथा किस प्रकार एक ऐतिहासिक प्रस्ताव था? विवेचना कीजिए।

14. दमित समूहों को सुरक्षा के पक्ष में डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा उठाये गए कदमों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

15. 'संविधान निर्माण से पहले के साल उथल पुथल से भरे थे।' उदाहरण सहित स्पष्ट थीं? स्पष्ट कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (8 अंक वाले)

1. भारत के संविधान को बनाने समय शक्तिशाली केन्द्र के पक्ष में विभिन्न लोगों द्वारा दिए गए तर्कों की परख कीजिए। (संकेतः पृ.स. 423 एन.सी.ई.आर.टी)

2. ''संविधान सभा के अधिकतर सदस्य भारत में पृथक निर्वाचिकाओं के विचार के विरोधी थे।'' कथन की परख कीजिए। (संकेतः पृ.स. 416–422 एन.सी.ई.आर.टी)

3. संविधान सभा के कुल कितने सदस्य थे? कौन से छः सदस्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। उनके विचारों एवं संविधान–निर्माण में उनकी भूमिका क्या थी? समीक्षा कीजिए।
(संकेतः पृ.स. 409 एन.सी.ई.आर.टी)

4. 'अल्पसंख्यक' से क्या अभिप्राय है? संविधान में उनके हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाये गए। वर्णन कीजिए। (संकेतः पृ.स. 420 एन.सी.ई.आर.टी)

5. गाँधी जी के अनुसार राष्ट्रीय भाषा की क्या विशेषताएँ होनी चाहिए? संविधान सभा ने भाषा के विवाद का समाधान करने के लिए क्या रास्ता निकाला? स्पष्ट कीजिए।
(संकेतः पृ.स. 425 एन.सी.ई.आर.टी)

6. व्याख्या कीजिए कि भारतीय संविधान किस प्रकार से केन्द्र सरकार एवं राज्यों के अधिकारों की रक्षा करता है? (संकेतः पृ.स. 423 एन.सी.ई.आर.टी)

7. भारतीय संविधान बनाते समय दलित जातियों के अधिकारों को सुरक्षा के लिए विभिन्न लोगों द्वारा दिए गए विभिन्न तर्कों की परख कीजिए। (संकेतः पृ.स. 421 एन.सी.ई.आर.टी)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर

1. केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के अधिकारों को लेकर संविधान सभा में बहस।
   (1) जवाहरलाल नेहरू शक्तिशाली केन्द्र के पक्ष में।
   (2) उनका मत था कि विभाजन के मद्देनजर दुर्बल केन्द्रीय व्यवस्था देश के लिए हानिकारक।
   (3) दुर्बल केन्द्र शांति स्थापित करने में, सरकारों के बीच समन्वय स्थापित करने में तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए आवाज़ उठाने में अक्षम।
   (4) संविधान के मसविदे में विषयों की तीन सूचियाँ–
   केन्द्रीय सूची, राज्य सूची व समवर्ती सूची।
   (5) केन्द्रीय सूची में अन्य सूचियों के मुकाबले बहुत अधिक विषय।
   (6) बी. आर. अम्बेडकर एक शक्तिशाली और एकीकृत केन्द्र के पक्षधर।
   (7) हिंसा के माहौल को देखते हुए एक मजबूत केन्द्र की आवश्यकता पर बल।
   (8) संयुक्त प्रांत के सदस्य बालकृष्ण शर्मा की दलील।
   (9) एक शक्तिशाली केन्द्र – समय की मांग।
   (10) देश के हित में योजना बनाने के लिए, उपलब्ध आर्थिक संसाधनों को जुटाने हेतु तथा उचित शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिए।
   (11) विभाजन से पहले कांग्रेस प्रांतों को काफी स्वायत्तता देने पर सहमत।
   (12) मुस्लिम लीग को भरोसा दिलाने के लिए यह सहमति।
   (13) परन्तु बटँवारें के बाद ज्यादातर राष्ट्रवादियों के विचार में बदलाव।
   (14) हिंसा की घटनाओं से केन्द्रीयतावाद को बढ़ावा।
   (15) संविधान में भारतीय संघ के घटक राज्यों की तुलना में केन्द्र के अधिकारों की तरफ स्पष्ट झुकाव।

   (संकेत पृष्ठ सं. 423 एन.सी.ई.आर.टी)

2. 'संविधान सभा में अल्पसंख्यकों की व्याख्या व उनके अधिकारों पर बहस।
   (1) 27 अगस्त 1947 को मद्रास के बी. पोकर बहादुर द्वारा पृथक निर्वाचिका के पक्ष में प्रभावशाली भाषण।
   (2) राजनीतिक व्यवस्था में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व सुरक्षित हो।
   (3) देश की शासन व्यवस्था में मुसलमानों की सार्थक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए पृथक निर्वाचिका एकमात्र रास्ता।

(4) किन्तु ज्यादातर राष्ट्रवादियों का पक्ष पृथक निर्वाचिका की तरफ नहीं।
(5) यह व्यवस्था अंग्रेजों की भारतीयों को बाँटने के लिए एक चाल।
(6) आर. वी. धुलेकर का मत – यह संरक्षण के नाम पर अंग्रेजों द्वारा खेला गया एक खेल।
(7) पृथक निर्वाचिका की आड़ में अल्पसंख्यकों को फुसलाया गया।
(8) विभाजन के पश्चात् राष्ट्रवादी नेता पृथक निर्वाचिका के बिल्कुल खिलाफ।
(9) इससे निरंतर गृहयुद्ध, दंगों और हिंसा की आशंका।
(10) सरदार पटेल के अनुसार, पृथक निर्वाचिका एक ऐसा विष जो देश की पूरी राजनीति में समाहित।
(11) इसने समुदायों में नफरत पैदा कर, राष्ट्र के टुकड़े किए।
(12) देश में शांति बनाए रखने के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग छोड़ना उचित।
(13) गोविन्द बल्लभ पंत के विचार से यह अल्पसंख्यकों के लिए भी अहितकर।
(14) यह मांग अल्पसंख्यकों को स्थायी रूप से दरकिनार करेगी।
(15) समुदायों के रूप में सोचने के बजाए प्रत्येक व्यक्ति नागरिक के रूप में सोचें।
(16) खंडित निष्ठा का भय जिसका अन्त एक कमजोर राष्ट्र के रूप में।
(17) मुसलमानों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका की आवश्यकता।

(संकेत पृष्ठ सं. 416–422 एन.सी.ई.आर.टी)

3. संविधान सभा में कुल तीन सौ सदस्य थे।
(1) सर्वाधिक महत्वपूर्ण छः सदस्य थे।
(2) जवाहरलाल नेहरू, बल्लभ भाई पटेल और राजेन्द्र प्रसाद (कांग्रेस के सदस्य)
(3) विधिवेत्ता और अर्थशास्त्री – बी. आर. अम्बेडकर, 2 वकील – गुजरात के के. एम. मुंशी और मद्रास के अल्लादि कृष्णास्वामी अययर।
(1) जवाहर लाल नेहरू द्वारा 'उद्देश्य प्रस्ताव' प्रस्तुत।
– भारत के झंडे का प्रारूप नेहरू द्वारा।
– राष्ट्रीय ध्वज – केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग की तीन बराबर चौड़ाई वाली पट्टियों का तिरंगा झंडा।
– बीच में गहरे नीले रंग का चक्र।
(2) सरदार बल्लभ भाई पटेल – पर्दे के पीछे रहकर कार्य
– कई रिपोर्टों के प्रारूप तैयार किए।

– परस्पर विरोधी विचारों के मध्य सहमति बनाने में मुख्य भूमिका

(3) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद – संविधान सभा के अध्यक्ष।

– सभा में चर्चाओं को रचनात्मक दिशा देना।

– सभी सदस्यों को विचार रखने का मौका देना।

(4) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर – संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष

(5) वकील के. एम. मुंशी व अल्लादि कृष्णास्वामी अययर –

– बी. आर अम्बेडकर के साथ मिलकर संविधान के प्रारूप में विधि का पक्ष सम्भाला।

(संकेत पृष्ठ सं. 409 एन.सी.ई.आर.टी)

4. एन. जी. रंगा के अनुसार – असली अल्पसंख्यक गरीब और दबे कुचले लोग

(1) ऐसी परिस्थितियों के निर्माण करें जहाँ संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रभावी ढंग से प्रयोग हो।

(2) पाकिस्तानी प्रांतों में हरने वाले हिंदू, सिक्ख और मुसलमान ही केवल अल्पसंख्यक नहीं बल्कि आम गरीब जनता अल्पसंख्याक हैं।

(3) संविधान सम्मत अधिकारां को लागू करने का प्रभावी इंतजाम हो।

(4) रंगा के अनुसार अल्पसंख्यकों को सहारों की जरूरत, उन्हें एक सीढ़ी चाहिए।

(5) देश के मुसलमान अल्पसंख्यक – बी. पोकर बहादुर की दलील।

(6) राजनीतिक व्यवस्था मकें अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व की मांग।

(7) संविधान में अलपसंख्यकों की रक्षा के लिए उठाए गए कदम–

– शैक्षिक अधिकार, भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए अनुच्छेद 29 दक 30 में विशेष प्रावधान।

– सभी धार्मिक भाषाई तथा सामुदायिक अल्पसंख्यक देश के प्रत्येक इकाई में अपनी इच्छानुसार कोई भी शैक्षिक संस्थान खोलने के लिए स्वतंत्र।

– सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय।

– विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, श्रद्धा और उपासना की स्वतंत्रता।

– अवसर की समानता।

– सार्वभौमिक मताधिकार।

(संकेत पृष्ठ सं. 420 एन.सी.ई.आर.टी)

5. संविधान सभा में भाषा के मुद्दे पर कई महीनों तक बहस।
   (1) कांग्रेस का मानना कि हिन्दुस्तानी राष्ट्रभाषा हो।
   (2) गाँधी जी के अनुसार – राष्ट्रभाषा ऐसी जो सबके द्वारा आसानी से समझी जाए।
   (3) हिन्दू और उर्दू के मेल से हिन्दुस्तानी का निर्माण।
   (4) विविध संस्कृतियों के आदान–प्रदान से समृद्ध, एक साझी भाषा।
   (5) बहुसांस्कृतिक तथा विभिन्न समुदायों के बीच संचार के लिए आदर्श।
   (6) हिन्दुओं और मुसलमानों तथा उत्तर और दक्षिण के लोगों को एकजुट करने में सक्षम।
   (7) हिन्दुस्तानी न तो संस्कृतनिष्ठ हिन्दी हो न फारसीनिष्ठ उर्दू।
   (8) दोनों का सुन्दर मिश्रण हो।
   (9) दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों को अपने में समा ले।
   (10) विदेशी भाषाओं के शब्दों को भी ग्रहण करें।
   (11) मानवीय विचारों और भावनाओं के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्त करें।
   (12) हिन्दुस्तानी के साझा चरित्र साम्प्रदायिक टकराव के साथ फीका।
   (13) हिन्दी को संस्कृतिनिष्ठ और उर्दू को फारसीनिष्ठ बनाने की कोशिश।
   (14) आर. वी. धुलेकर द्वारा हिन्दी को संविधान सभा की भाषा बनाने पर जोर।
   (15) तीन साल तक भाषा का मुद्दा संविधान सभा में चला।
   (16) 12 सितम्बर 1947 को धुलेकर के भाषण से हंगामा।
   (17) संविधान सभा की भाषा समिति द्वारा सुझाव।
   (18) देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी भारत की राजकीय भाषा माना जाए।
   (19) धीरे–धीरे इसे राष्ट्रभाषा बनाया जाए।
   (20) पहले 15 साल तक सरकारी कामों में अंग्रेजी का इस्तेमाल।
   (21) प्रत्येक प्रांत को अपने कामों के लिए एक क्षेत्रीय भाषा चुनने का अधिकार।
   (22) संविधान सभा की भाषा समिति द्वारा विभिन्न पक्षों को राष्ट्रभाषा के मुद्दे पर शांत करने के प्रयास।
   (23) यह दोनों का सुन्दर मिश्रण हो।
   (24) दूसरी भाषाओं के शब्दों को आसानी से ग्रहण कर सकें।
   (25) विदेशी भाषाओं के शब्दों को भी अपने में समा लें।
   (26) मानवीय विचारों और भावनाओ के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्त करें।

(27) हिन्दुस्तानी के साझा चरित्र में महात्मा गाँधी की आस्था।

(संकेत पृष्ठ सं. 425 एन.सी.ई.आर.टी)

6. संविधान सभा में केन्द्र और राज्य के अधिकारों को लेकर चर्चा।
   (1) जवाहरलाल नेहरू एक शक्तिशाली केन्द्र के पक्ष में।
   (2) संविधान के मसविदे में विषयों की तीन सूचियाँ –
   केन्द्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची
   (3) पहली सूची के विषय केवल केन्द्र सरकार के अधीन।
   (4) दूसरी सूची के विषय केवल राज्य सरकार के अन्तर्गत।
   (5) तीसरी सूची के विषय केन्द्र और राज्य दोनों की साझा जिम्मेदारी।
   (6) संघों की तुलना में केन्द्र का अधिक विषयों पर नियंत्रण।
   (7) समवर्ती सूची में भी प्रांतों की इच्छाओं की उपेक्षा।
   (8) खनिज पदार्थों तथा प्रमुख उद्योगों पर केन्द्र का नियंत्रण।
   (9) अनुच्छेद 356 में गवर्नर की सिफारिश पर केन्द्र को राज्य के सारे अधिकार अपने हाथ में लेने का अधिकार।
   (10) संविधान में राजकोषीय संघवाद की भी एक जटिल व्यवस्था।
   (11) सीमा शुल्क व कंपनी कर से होने वाली आय केन्द्र सरकार के अधीन।
   (12) आयकर और आबकारी शुल्क में होने वाली आय राज्य और केन्द्र सरकारों में बाँटी गई।
   (13) राज्यस्तरीय शुल्क पूरी तरह राज्यों के अधीन।
   (14) जमीन और संपत्ति कर, बिक्री कर तथा बोतलबंद शराब पर राज्य सरकार अलग से कर वसूल कर सकती हैं।

(संकेत पृष्ठ सं. 423 एन.सी.ई.आर.टी)

7. अम्बेडकर द्वारा दमित जातियों के लिए पृथक निर्वाचिकाओं की मांग।
   (1) गाँधी जी द्वारा पृथक निर्वाचिका का विरोध।
   (2) दमित जातियों का स्थायी रूप से शेष समाज से कट जाने की आशंका।
   (3) अस्पृश्यता का हल केवल संरक्षण और बचाव के जरिए हल सम्भव नहीं।
   (4) दमितों की अपंवता जाति विभाजित समाज और नैतिक मूल्य–मान्यताओं के कारण।
   (5) जे. नागप्पा का कथन – संख्या की दृष्टि से हरिजन अल्पसंख्यक नहीं।
   (6) आबादी में उनका हिस्सा 20–25 प्रतिशत।

(7) शिक्षा से विहीन तथा शासन में हिस्सेदारी नहीं।
(8) के. जे. खाण्डेलकर – दमितों को हजारों सालों से दबाया जाना।
(9) सुझाव – अस्पृश्यता का उन्मूलन किया जाए।
(10) हिन्दू–मंदिरों तक सभी जातियों की पहुँच।
(11) निचली जातियों को विधायिकाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण।
(12) सामाजिक भेदभाव को खत्मक करने हेतु सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता।

(संकेत पृष्ठ सं. 421 एन.सी.ई.आर.टी)

विषय–15

अनुच्छेद आधारित प्रश्न (5 अंक वाले)

1. **"बहुत अच्छा महोदय– साहसिक शब्द, उदात्त शब्द"**

सोमनाथ लाहिड़ी ने कहा था।

महोदय, मैं पंडित नेहरू को इस बात के लिए मुबारकबाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने यह कहकर भारतीय जनता की भावना को इतने सटीक शब्दों में व्यक्त किया है कि भारत के लोग अंग्रेजों द्वारा थोपी गई किसी चीज़ को स्वीकार नहीं करेंगें। उन्होंने कहा कि इस तरह की जबरदस्ती पर असंतोष व आपत्ति व्यक्त की जाएगी और अगर आवश्यकता हुई तो हम संघर्ष की घाटी में उतरेंगे। बहुत अच्छा महोदय–साहसिक शब्द, उदात्त शब्द।

परन्तु देखना यह है कि इस चुनौती को आप कैसे और कब साकार करते हैं। महोदय, मसला यह हैं कि यह जबरदस्ती इसी समय की जा रही है। न केवल ब्रिटिश योजना ने भावी संविधान बना दिया है... जो अंग्रेजों की संतुष्टि पर आश्रित होगा बल्कि इससे यह भी संकेत मिलता है कि मामूली से मामूली मतभेद के लिए भी आपको संघीय न्यायालय तक दौड़ना होगा या वहाँ इंग्लैंड में जाकर नाचना पड़ेगा या ब्रिटिश प्रधानमंत्री कलेंमेट एटली या किसी और के दरवाजे पर दस्तक देनी होगी। केवल यही सच नहीं कि हम चाहे जो भी योजना क्यों न बनाएँ यह संविधान सभा ब्रिटिश बंदूकों, ब्रिटिश सेना, उनके आर्थिक व वित्तीय शिकंजे के साये में है और सत्ता का प्रश्न बुनियादी तौर पर अभी तय नहीं हुआ है, जिसका अर्थ यह निकलता है कि हमारा भविष्य अभी भी पूरी तरह तय नहीं हुआ है जिसका अर्थ यह निकलता है कि हमारा भविष्य अभी भी पूरी तरह हमारे हाथों में नहीं है। इतना ही नहीं, हाल ही में एटली तथा अन्य लोगों द्वारा दिए गए व्यक्तव्यों से यह भी स्पष्ट हो गया है कि अगर जरूरत पड़ी तो वे विभाजन से भी पीछे नहीं हटेंगे। महोदय इसका आशय यह है कि इस देश में कोई स्वतंत्रता नहीं है। जैसा कि अभी कुछ दिन पहले सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था, हमारे पास केवल आपस में लड़ने की स्वतंत्रता है। हमें बस इतनी ही स्वतंत्रता मिली है...। इसलिए हमारा विनम्र सुझाव है कि यहाँ सवाल इस योजना की रूपरेखा के जरिए कुछ पा लेने का नहीं बल्कि यहाँ और अभी स्वतंत्रता की घोषणा करने और अंतरिम–सरकार, भारत की जनता से यह आह्वाहन करने का है कि वे आपस में लड़ने के बजाय अपने शत्रु को देखें जिसके हाथ में अभी भी कोड़ा है, वे ब्रिटिश साम्राज्यवाद को देखें–और उससे मिलकर लड़ने के लिए आगे बढ़ें और जब हम स्वतंत्र हो जाएँगे, तब हम अपने दावों का हल ढूढँ सकते हैं।

1. सोमनाथ लाहिड़ी पंडित जवाहर लाल नेहरू को किस बात पर मुबारकबाद देना चाहते हैं। 1
2. संविधान सभा ब्रिटिश प्रभाव में ही कार्य कर रही हैं वक्ता को ऐसा क्यों लगता है ? 2
3. "सरकारें कागज़ो से नहीं बनती। सरकार जनता की इच्छा की अभिव्यक्ति होती है – स्पष्ट कीजिए। 2

2. राष्ट्रीय भाषा की क्या विशेषताएं होनी चाहिए ?

अपनी मृत्यु से कुछ माह पहले महात्मा गाँधी ने भाषा के प्रश्न पर अपने विचार दोहराते हुए कहा थाः

यह हिंदुस्तानी न तो संस्कृतनिष्ठ हिंदी होनी चाहिए और न ही फारसीनिष्ठ उर्दू। यह दोनों का सुंदर मिश्रण होना चाहिए। उसे विभिन्न क्षेत्रिय भाषाओं से शब्द खुलकर उधार लेने चाहिए। विदेशी भाषाओं के ऐसे शब्द लेने में कोई हर्ज नहीं है जो हमारी राष्ट्रीय भाषा में अच्छी तरह और आसानी से घुलमिल सकते हैं। इस प्रकार हमारी राष्ट्रीय भाषा एक समृद्ध और शक्तिशाली भाषा होनी चाहिए जो मानवीय विचारों और भावनाओं के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्ति दे सके। खुद को हिन्दी या उर्दू से बांध लेना देशभक्ति की भावना तथा समझदारी के विरूद्ध एक अपराध होगा।

प्रश्न 1 हिन्दुस्तानी भाषा का क्या अर्थ है? 1

प्रश्न 2 राष्ट्रीय भाषा की क्या विशेषताएं होनी चाहिए? 2

प्रश्न 3 हिन्दी की हिमायत करने वाले कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम बताइये? 2

अभ्यास प्रश्न पत्र (हल सहित)

इतिहास (027)

कक्षा - बारहवीं

समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश:-

1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने किए गए है। इस प्रश्न पत्र छह खंड है।

2) **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 से 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1) अंक वाले है इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

3) **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 से 18) स्रोत आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप-भाग है जिनमे से किसी तीन उप-भागों के उत्तर दीजिये।

4) **खंड ग** (प्रश्न संख्या 19 से 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।

5) **खंड घ** (प्रश्न संख्या 24 से 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में दीजिये।

6) **खंड ड** (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

7) **खंड घ** (प्रश्न संख्या 30) मानचित्र संबंधी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदो को दर्शाना शामिल है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए।

खंड क

किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=15)

1. मगध की प्रारंभिक राजधानी थी : 1

(क) पाटलिपुत्र (ख) काशी

(ग) राजगृह (घ) मथुरा

2. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे माना जाता है? 1

3. हड़प्पा सभ्यता अपनी जिस विशेषता के लिए सबसे अधिक जानी जाती है वह है:

(क) नगर योजना (ख) कृषि

(ग) व्यापार (घ) पशु पालन

4. ब्रिटिश संसद में पांचवी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी सन्:

(क) 1814 में (ख) 1813 में

(ग) 1815 में (घ) 1816 में

5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और लिखिए की यह चित्र किस संदर्भ में है: 1

केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर:
संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे:

(क) सरदार वल्लभभाई पटेल (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) जी बी पंत (घ) बी आर अंबेडकर

6. कुलीन तंत्र क्या है ?

7. जियारत का अर्थ है : 1

(क) कृष्ण की भक्ति में गाया जाने वाला गीत।

(ख) बादशाह अकबर की दरगाह यात्रा

(ग) सूफी संतों के मजार की यात्रा।

(घ) सूफी संतों के जन्मदिवस पर मोमबत्ती जलाना।

8. ''जब वे एक पत्थर से बने सर्प को देखते हैं तो उस पर दूध चढ़ाते हैं, यदि असली सांप आ जाए तो कहते हैं मारो मारो।'' 1

बसवन्ना द्वारा रचित इस वचन का संदर्भ क्या है?

9. जोतेदार थे : 1

(क) सुरक्षा बल (ख) अमीर किसान

(ग) कर संग्राहक (घ) एक पहाड़ी जनजाति

10. निम्न युग्मों में से सही युग्म का चयन कीजिए : 1

I. डोमिनगो पेस : फारस

II. निकोलो द कांटी : इटली

III. दुयार्ते बारबोसा : चीन

(क) I और II दोनों सही है। (ख) सिर्फ II सही है

(ग) I, II और III सभी सही है (घ) सिर्फ III सही है

11. गांधी जी के राजनीतिक सफर तथा राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास को सूत्रबद्ध करने के लिए उपयोगी किन्हीं दो स्त्रोतों का नाम लिखिए। 1

12. संविधान सभा में एक शक्तिशाली केंद्र सरकार की हिमायत में दी जाने वाली किसी एक दलील को लिखिए। 1

13. हड़प्पा सभ्यता में निचला शहर दुर्ग से किस प्रकार भिन्न था? 1

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक के कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:- 1

कथन (A) - सातवाहन शासन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण थी।

कारण (R) - सातवाहन शासकों को उनके मातृ नाम से चिन्हित किया जाता था।

(क) केवल कथन (A) सही है।

(ख) केवल कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।

15. राजमहल की पहाड़ियों के सन्दर्भ में कुदाल किसका प्रतीक थी? 1

16. निम्न दुग्मों में से सही दुग्म का चयन कीजिए। 1

I. अल-बिरूनी : उज़्बेकिस्तान

II. इब्न-बतूत : मोरक्को

III. फ्रास्वां बर्नियर : इटली

(क) I और II दोनों सही है (ख) सिर्फ II सही है

(ग) I, II और III सभी सही है (घ) सिर्फ III सही है।

खण्ड – (ख)

17. नीचे दिए गए स्त्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अग्नि की प्रार्थना

हे शक्तिशाली देव, आप हमारी आहुति देवताओं तक ले जाएँ! हे बुदधिमंत, आप तो सबके दाता हैं! हे पुरोहित, हमें खूब सारे खादय पदार्थ दें।

हे अग्नि यज्ञ के द्वारा हमारे लिए प्रचुर धन ला दें। हे अग्नि, जो आपकी प्रार्थना करता है उसके लिए आप सदा के लिए पुष्टिवर्धक अद्भुत गाय ला दें। हमें एक पुत्र मिले जो हमारे वंश को आगे बढ़ाये.....

इस तरह के छंद एक खास तरह की संस्कृत में रचे गए थे जिसे वैदिक संस्कृत कहा जाता था। ये स्त्रोत पुरोहित परिवारों के लोगों को मौखिक रूप में सिखाये जाते थे।

A. उपर्युक्त छंद में जिस देवता की प्रार्थना की गई है, वह है :

(क) सूर्य (ख) अग्नि

(ग) इन्द्र (घ) वायु

B. यज्ञ के उद्देश्य निम्न में क्या नहीं थे :

(क) पुत्र की प्राप्ति (ख) धन की प्राप्ति

(ग) पुत्री की प्राप्त (घ) गाय की प्राप्ति

C. सही कथन का चयन कीजिए :

I. अग्नि देव मनुष्य की आहुति को देवताओं तक ले जाते थे।

II. पुष्टि वर्धक गाय के लिए लोग अग्नि की प्रार्थना करते थे।

(क) सिर्फ I (ख) सिर्फ II

(ग) I और II दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

D. ऋग्वेद की शिक्षा दी जाती थी:

(क) लिखित रूप में

(ख) ध्यान लगाकर

(ग) लिखित रूप से और ध्यान लगाकर

(घ) मौखिक रूप से

18. इस चित्र को ध्यान से देखिए और किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1+1+1

A. प्रस्तुत इमारत चित्र संबंधित है :-

(क) सल्तनत काल से (ख) विजयनगर साम्राज्य से

(ग) मुगल काल से (घ) ब्रिटिश काल से

B. प्रस्तुत इमारत चित्र घनिष्ठ संबंधों को दर्शाता है :-

(क) अलाउद्दीन खिलजी और निजामुद्दीन औलिया के बीच

(ख) चिश्तियों और मुगल राज्य के बीच

(ग) भक्ति संतों और उनके उपासक के बीच

(घ) विजयनगर के राजा और उनके नायकों के बीच

C. यह इमारत बनाई गई थीं :

(क) अकबर के द्वारा (ख) शाहजहां के द्वारा

(ग) कृष्ण देव राय के द्वारा (घ) शेख मोइनुद्दीन चिश्ती के द्वारा

D. प्रस्तुत इमारत स्थित है :

(क) दिल्ली में (ख) हंपी में

(ग) आगरा में (घ) फतेहपुर सीकरी में

केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर : दिए गए स्त्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

''महान'' और ''लघु'' परंपराएं

महान और लघु जैसे शब्द बीसवीं शताब्दी के समाजशास्त्री रॉबर्ट रेडफील्ड द्वारा एक कृषक समाज के सांस्कृतिक आचरणों का वर्णन करने के लिए मुद्रित किए गए। इस समाजशास्त्री ने देखा कि किसान उन कर्मकांडो और पद्धतियों का अनुकरण करते थे जिनका समाज के प्रभुत्वशाली वर्ग जैसे पुरोहित और राजा द्वारा पालन किया जाता था। इन कर्मकांडो को रेडफील्ड ने ''महान'' परंपरा की संज्ञा दी। साथ ही कृषक समुदाय अन्य लोकाचारों का भी पालन करते थे जो इस महान परिपाटी से सर्वथा भिन्न थे। उसने इन्हें देखा कि महान और लघु दोनों ही परंपराओं में समय के साथ हुए पारस्परिक आदानप्रदान के कारण परिवर्तन हुए।

हालांकि विद्वान इन प्रक्रियाओं और वर्गीकरण के महत्व से इंकार नहीं करते तथापि वे इन शब्दों में जो पदसोपानात्मक स्वर उभर कर आता है उसकी अवमानना करते हैं। इसे लक्षित करने का एक तरीका है इन शब्दों का उद्धरण चिन्ह के साथ प्रस्तुत करना जैसे ''लघु'' और ''महान''।

A. महान परंपरा से तात्पर्य है :

(क) जनजातियों की परंपरा (ख) गैर ब्राह्मणीय परंपरा

(ग) रॉबर्ट रेडफील्ड की परंपरा (घ) राजा और पुरोहित की परंपरा

B. रॉबर्ट रेडफील्ड था :

(क) एक समाजशास्त्री (ख) एक नेता

(ग) एक वैज्ञानिक (घ) एक संत

C. कृषक समाज के आचरण के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए :-

(क) कृषक समुदाय लघु परंपरा से घृणा करते थे।

(ख) कृषक समुदाय केवल पुरोहित और राजा द्वारा अनुकरण किए जाने वाली परंपराओं का पालन करते थे।

(ग) लघु और महान किसी भी परंपरा से उनका कोई संबंध नहीं था।

(घ) किसान लघु और महान दोनों परंपराओं का पालन करते थे।

D. सही कथन का चयन कीजिए :

i. लघु और महान शब्द से पद सोपानात्मक स्वर उभर कर आता है।

ii. किसानों को सिर्फ प्रभुत्वशाली वर्ग की परंपराओं का अनुपालन करना चाहिए।

(क) सिर्फ I (ख) सिर्फ II

(ग) I और II दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

खंड ग

19. '18 वी शताब्दी के दौरान बंगाल के जमीदारों की सत्ता को ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा नियंत्रित किया गया।' स्पष्ट कीजिए।

20. 1857 के घटनाक्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी? 3

21. बौद्ध सामाजिक संविदा का सिद्धांत किस प्रकार पुरुष सूक्त में वर्णित ब्राहमण वादी दृष्टिकोण से भिन्न था? 3

22. शासक सूफी संतों से अपने संबंध को दर्शाने के लिए उत्सुक क्यों थे? 3

23. रैयत से क्या अभिप्राय है? खुद-काश्त और पाहि-काश्त में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1+2

खंड घ

24. मौसम के दो मुख्य चक्रों के दौरान 16वीं तथा 17वीं शताब्दियों के दौरान कृषि किस प्रकार की जाती थी। विभिन्न फसलों को उदाहण देकर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

16वीं और 17वीं शताब्दियों के दौरान कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

25. 'वर्ण व्यवस्था और राज्य-कर्म से संबंधित ब्राह्मणीय नियमों का सर्वत्र अनुसरण नहीं होता था।' पुष्टि कीजिए। 8

अथवा

''प्राचीन सामाजिक मूल्यों के अध्ययन के लिए महाभारत एक बेहतर स्त्रोत है।'' इस कथन के पक्ष में युक्तियुक्त विचार प्रस्तुत कीजिए।

26. 19 सितंबर 1947 को दिल्ली में महात्मा गांधी का आगमन बड़ी लंबी और कठोर गर्मी के बाद बरसात की फुहारों के आने जैसा था। इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 8

अथवा

"असहयोग शांति की दृष्टि से नकारात्मक किंतु प्रभाव की दृष्टि से बहुत सकारात्मक था। यह स्वशासन के लिए एक प्रशिक्षण था।'' इस कथन की व्याख्या असहयोग आंदोलन के प्रभाव के संदर्भ में कीजिए।

खंड ङ

27. दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1+2+2

राजा की वेदना

जब देवानापिय पियदस्सी ने अपने शासन के 8 वर्ष पूरे किए तो उन्होंने कलिंग(आधुनिक तटवर्ती उड़ीसा)पर विजय प्राप्त की

डेढ़ लाख पुरुषों को निष्कासित किया गया; एक लाख मारे गए और इससे भी ज्यादा की मृत्यु हुई।

कलिंग पर शासन स्थापित करने के बाद देवानापिय पियदस्सी धम्म के गहन अध्ययन, धम्म के स्नेह और धम्म के उपदेश में डूब गए हैं।

यही देवानांपिय के लिए कलिंग की विजय का पश्चाताप है।

दवानांपिय के लिए यह बहुत वेदनादायी और निंदनीय है कि जब कोई किसी राज्य पर विजय प्राप्त करता है तो पराजित राज्य का हनन होता है, वहां लोग मारे जाते हैं, निष्कासित किए जाते हैं।

27.1. देवानांपिय पियदस्सी किसे कहा जाता था?

27.2. इतिहास के स्त्रोत के रूप में अभिलेखों की क्या सीमाएं हैं?

27.3. कलिंग के युद्ध का अशोक पर क्या प्रभाव पड़ा?

28. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए वह उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+1+2

कॉलिन मैकेंजी

1754 ई. में जन्मे कॉलिन मैकेंजी ने एक अभियंता सर्वेक्षक तथा मानचित्रकार के रूप में प्रसिद्धि हासिल की। 1815 में उन्हें भारत का पहला सर्वेयर जनरल बनाया गया और 1821 में अपनी मृत्यु तक वे इस पद पर बने रहे। भारत के अतीत को बेहतर ढंग से समझने और उपनिवेश के प्रशासन को आसान बनाने के लिए उन्होंने इतिहास से संबंधित स्थानीय परंपराओं का संकलन तथा ऐतिहासिक स्थलों का सर्वेक्षण करना आरंभ किया। वे कहते हैं, ''ब्रिटिश प्रशासन के प्रभाव में आने से पहले दक्षिण भारत खराब प्रबंधन की दुर्गति से लंबे समय तक जूझता रहा।'' विजयनगर के अध्ययन से मैकेंजी को यह विश्वास हो गया कि कंपनी, ''स्थानीय लोगों के अलग-अलग - कबीलों, जो इस समय भी जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा थे, को अब भी प्रभावित करने वाले इनमें से कई संस्थाओं, कानूनों तथा रीतिरिवाजों के विषय में बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां'' हासिल कर सकती थी।

28.1. कॉलिन मैकेंजी कौन था?

28.2. कॉलिन ने किस प्राचीन शहर की खोज की?

28.3. कॉलिन मैकंजी ने सर्वेक्षण क्यों प्रारंभ किया?

29. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए वह उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+1

''खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं''

गोविंद वल्लभ पंत ने कहा कि निष्ठावान नागरिक बनने के लिए लोगों को समुदाय और खुद को बीच में रख कर सोचने की आदत छोड़नी होगी :

लोकतंत्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा। लोकतंत्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज्यादा फिक्र करनी चाहिए। यहाँ खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं है। सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केंद्रित होनी चाहिए। यदि किसी लोकतंत्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहतर या अन्य हितों की जरा भी परवाह नहीं करता, तो ऐसे लोकतंत्र का डूबना निश्चित है।

संविधान सभा बहस, खंड 2

29.1. गोविंद वल्लभ पंत के अनुसार लोकतंत्र में एक निष्ठावादी नागरिक के कोई दो अभिलक्षण लिखिए।

29.2. संविधान लिखते समय पृथक निर्वाचिका की मांग क्यों की गई थी?

29.3. गोविंद वल्लभ पंत पृथक निर्वाचिका की मांग के विरुद्ध क्यों थे? दो कारण लिखिए।

खंड च

(मानचित्र प्रश्न)

30. 30.1. भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए- 1+1+1

a) लोथल - एक हड़प्पा स्थल

अथवा

सांची - एक प्रमुख बौद्ध स्थल

b) अजमेर - अकबर के अधीन एक क्षेत्र

अथवा

कानपुर- 1857 के विद्रोह का एक मुख्य केंद्र

c) अमृतसर

30.2. भारत के दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र पर राष्ट्रीय आंदोलन से संबन्धित दो स्थल A, B अंकित किए गए है, उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए। 1+1

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधितों के लिए प्रश्न संख्या 30.1 एवं 30.2 के स्थान पर हैं।

30.1. छठी शताब्दी ईसा पूर्व के किन्हीं तीन महत्वपूर्ण नगरों के नाम लिखिए।

अथवा

कोई तीन बौद्ध स्थलों का नाम लिखिए।

30.2. 1857 के विद्रोह के किन्हीं दो केंद्रों के नाम लिखिए।



अंक योजना

अभ्यास प्रश्न पत्र इतिहास (027)

कक्षा - बारहवीं

खंड क

1.	ग) राजगृह	1
2.	सर अलेक्जेंडर कनिघंम	1
3.	(क) नगर योजना	
4.	(ख) 1813 में	1
5.	संविधान पर हस्ताक्षर के समय का **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** घ) डॉ बी.आर. अंबेडकर	1
6.	ऐसी सरकार जिसमें शासन सत्ता एक समूह के हाथों में होती है	1
7.	(ग) सूफी संतों के मजार की यात्रा।	1
8.	अंधविश्वासों पर कुठाराघात	1
9.	(ख) अमीर किसान	1
10.	(ख) सिर्फ II सही है।	1
11.	अखबार,ए बँच ऑफ ओल्ड लेटर्स (कोई अन्य मान्य स्त्रोत)	1
12.	देश को एकजुट रखने के लिए (कोई अन्य मान्य बिंदु)	1
13.	दुर्ग ऊंचाई पर पश्चिम दिशा में जबकि निचला शहर आम लोगों के लिए पूरब में स्थित (कोई अन्य मान्य तथ्य)	1
14.	(ख) केवल कारण (R) सही है।	1
15.	पहाड़िया लोगों का	1
16.	(क) I और II दोनों सही है।	1

खंड ख

17. A. (ख) अग्नि 1+1+1=3

B. (ग) पुत्री की प्राप्ति

C. (ग) I और II दोनों

D. (घ) मौखिक रूप से

18. A. (ग) मुग़ल काल से 1+1+1=3

B. (ख) चिश्तियों और मुगल राज्य के बीच

C. (क) अकबर के द्वारा

D. (घ) फतेहपुर सीकरी में

केवल दृष्टिबधितों के लिए : प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर

A. (घ) राजा और पुरोहित की परंपरा 1+1+1=3

B. (क) एक समाजशास्त्री

C. (घ) किसान लघु और महान दोनों परंपराओं का पालन करते थे।

D. (क) सिर्फ

खंड ग

19. 1. जमींदारों की सैन्य टुकड़ियों को भंग कर दिया गया। 3
2. जमींदारों से न्याय और स्थानीय पुलिस की व्यवस्था करने की शक्ति छीन ली गई।
3. जमींदारों की कचहरियों को कंपनी द्वारा नियुक्त कलेक्टर की देखरेख में रखा गया।
4. कोई अन्य मान्य बिन्दु

20. i) ईसाई प्रचारकों की गतिविधियों और धर्मांतरण का खतरा 3

ii) धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में कंपनी के हस्तक्षेप से असुरक्षा की भावना।

iii) धर्म के अलावा सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से परायी, हृदयहीन और दमनकारी व्यवस्था।

iv) कोई अन्य मान्य बिन्दु

21. I) बौद्ध सामाजिक संविदा के अनुसार सामाजिक अनुबंध के अंतर्गत राजा का पद लोगों द्वारा चुने जाने पर जबकि पुरुषसूक्त के अनुसार यह दैवीय व्यवस्था। 3

ii) बौद्ध सामाजिक संविदा के अनुसार आर्थिक और सामाजिक संबंधों को बनाने में मानवीय कर्म का हाथ जबकि पुरुषसूक्त ने चारों वर्णों की उत्पत्ति ब्रह्मा के शरीर से।

iii) बौद्ध सामाजिक संविदा के अनुसार यदि मनुष्य एक प्रणाली को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार थे तो भविष्य में उसमें परिवर्तन भी ला सकते थे जबकि पुरुषसूक्त के अनुसार यह दैवीय व्यवस्था।

iv) कोई अन्य मान्य बिन्दु

22. i) सूफी संतों की धर्मनिष्ठा, विद्वता और लोगों का उन पर विश्वास। 3

ii) अधिकांश प्रजा इस्लाम को मानने वाली नहीं थी और सूफी संतों पर उनका विश्वास था।

iii) आम जनता का सूफी संतों की तरफ झुकाव था।

iv) कोई अन्य मान्य बिन्दु।

23. i) मुगलकाल भारतीय-फारसी स्रोत किसान के लिए रैयत या मुजरियान शब्द का इस्तेमाल करते हैं।

ii) खुदकाश्त के किसान थे जो उन्हीं गाँव में रहते थे। जिनमें उनकी जमीन थी।

iii) पादि-काश्त वे किसान थे जो दूसरे गांव में ठेके पर खेती करने आते थे।

iv) कोई अन्य मान्य बिन्दु।

खंड घ

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर

24. (1) खेती मौसम के दो मुख्य चक्रों – खरीफ (पतझड़ में) और रबी (बसन्त में)

(2) सूखे इलाकों और बंजर जमीन को छोड़कर ज्यादातर जगहों पर साल में कम से कम दो फसलें होती थीं।

(3) जहाँ बारिश या सिंचाई के साधन हर वक्त मौजूद वहाँ साल में तीन फसलें भी, अतः पैदावार में भारी विविधता।

(4) आइन के अनुसार, आगरा में 39 किस्म की, दिल्ली में 43 फसलों की पैदावार और बंगला में सिर्फ चावल की 50 किस्में पैदा होती थीं।

(5) कपास, गन्ना, तिलहन और दलहन जैसी नकदी फसलों की पैदावार।

(6) पेट भरने के लिए होने वाले उत्पदन और व्यापार के लिए किए जाने वाले उत्पादन एक दूसरे से जुड़े हुए।

(7) टमाटर, आलू, अनानास, पपीता, मिर्च, मक्का का नई दुनिया से भारत आना।

(8) कोई अन्य मान्य बिन्दु (समग्रता में मूल्यांकन)

अथवा

(1) महिलाएँ और मर्द कंधे से कंधा मिलाकर खेतों में काम करते।

(2) मर्द खेत जोतते, हल चलाते और महिलाएँ बुआई, निराई और कटाई के साथ पकी हुई फसल का दाना निकालती।

(3) महिलाओं की जैव वैज्ञानिक क्रियाओं को लेकर पूर्वाग्रह

(4) दस्तकारी के काम जैसे सूत कातना, बर्तन बनाने के लिए मिट्टी को साफ करना और गूँथना और कपड़ों पर कढ़ाई जैसे कार्य महिलाओं के श्रम पर निर्भर।

(5) वस्तु का जितना अधिक वाणिज्यीकरण, उतना अधिक महिलाओं के श्रम की माँग।

(6) महिलाएँ न सिर्फ खेतों में काम करती बल्कि जरूरत पड़ने पर नियोक्ताओं के घर और बाजार भी जाती।

(7) बच्चे पैदा करने की काबिलियत की वजह से वे महत्त्वपूर्ण संसाधन।

(8) तलाकशुदा और विधवाएँ दोनों की कानूनन शादी कर सकती थीं।

(9) कोई अन्य मान्य बिन्दु (समग्रता में मूल्यांकन)

25. I) शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय राजा हो सकते थे, किन्तु अनेक महत्वपूर्ण राजवंशों की उत्पत्ति अन्य वर्णों से भी हुई थी जैसे मौर्य वंश, शुंग और कण्व वंश

ii) वस्तुत: राजनीतिक सत्ता का उपभोग हर वह व्यक्ति कर सकता था जो समर्थन और संसाधन जुटा सके। राजत्व क्षत्रिय कुल में जन्म लेने पर शायद ही निर्भर करता था।

iii) शक शासक जो मध्य एशिया से भारत आए को ब्राह्मण मलेच्छ, बर्बर अथवा अन्यदेशीय मानते थे।

iv) सातवाहन कुल के सबसे प्रसिद्ध शासक गोतमी-पुत्त सिरी-सातकनि ने स्वयं को अनूठा ब्राह्मण और साथ ही क्षत्रियों के दर्प का हनन करने वाला बताया था।

v) सातवाहन स्वयं को ब्राह्मण वर्ण का बताते थे जबकि ब्राह्मणीय शास्त्र के अनुसार राजा को क्षत्रिय होना चाहिए।

vi) सातवाहनों ने उन लोगों से वैवाहिक संबंध स्थापित किए जो इस वर्ण व्यवस्था से ही बाहर थे।

vii) सातवाहन अंतर्विवाह पद्धति का पालन करते थे न कि बहिर्विवाह प्रणाली का जो ब्रह्मणीय ग्रंथों में प्रस्तावित है।

viii) कई व्यापारी ब्राह्मण और क्षत्रिय वर्ण से।

ix) प्रभावती गुप्त द्वारा वर्ण व्यवस्था के विपरीत अग्रहार दान करना

x) सातवाहन शासकों द्वारा माँ के गोत्र से पहचाना जाना।

xi) कोई अन्य मान्य बिन्दु

अथवा

i) बंधुता के रिश्तों में परिवर्तन : एक स्तर पर महाभारत इसी की कहानी है। यह बांधवों के दो दलों कौरव और पांडव के बीच भूमि और सत्ता को लेकर हुए संघर्ष का चित्रण करती है। दोनों ही दल कुरु देश से संबंधित थे। यह संघर्ष एक युद्ध में परिणत हुआ जिसमें पांडव विजयी हुए। 8

ii) महाभारत की मुख्य कथावस्तु ने पितृवंशिकता के आदर्श को सुदृढ़ किया।

iii) ऊंची प्रविष्ठा वाले परिवारों की कम उम्र की कन्याओं और स्त्रियों का जीवन बहुत सावधानी से नियमित किया जाता था। जिससे 'उचित' समय और 'उचित' व्यक्ति से उनका विवाह किया जा सके।

iv) कन्यादान अर्थात् विवाह में कन्या की भेंट को पिता का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य माना गया।

v) उस समय अंतर्विवाह, बहिर्विवाह, बहुपत्नी प्रथा और बहुपति प्रथा प्रचलित थी।

vi) स्त्री का स्थान महत्वपूर्ण था। द्रौपदी का अपमान महाभारत युद्ध का कारण बना। कुंती का चरित्र और सम्मानजनक स्थिति स्त्रियाँ की अच्छी स्थिति का उदाहरण है। गांधारी ने भी दुर्योधन को युद्ध न करने का परामर्श दिया जिसे दुर्योधन ने नहीं माना और युद्ध में हारा।

vii) राजाओं में ध्रुत क्रीडा का प्रचालन यह प्रदर्शित करता है कि उनमें बुराइयाँ आ गई थी। कौरवों द्वारा छल कपट का प्रयोग नैतिक पतन को प्रदर्शित करता है।

viii) ब्राह्मणों ने समाज के लिए विस्तृत आचार संहिताएँ तैयार की।

ix) कोई अन्य मान्य बिंदु।

26. I) सांप्रदायिक सद्भाव बहाल करने के लिए गांधीजी ने अहिंसा के अपने सिद्धान्त को एक बार फिर आज़माया। 8

ii) वे पूर्वी बंगाल के नोआखली (वर्तमान बांग्लादेश) से बिहार के गाँवों में और उसके बाद कलकत्ता व दिल्ली के दंगों में झुलसी झोपड़-पट्टियों की यात्रा पर निकल पड़े।

iii) उनकी कोशिश थी कि हिन्दू मुसलमान एक दूसरे को ना मारें।

iv) हर जगह उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय को, हिन्दू अथवा मुस्लिम को दिलासा दी।

v) दिल्ली में, उन्होंने दोनों समुदायों में पारस्परिक भरोसा और विश्वास बनाने की कोशिश की।

vi) जान बचाने के लिए भागकर पुराने क़िले के भीड़ भरे शिविर में पनाह लेने वाले शाहिद अहमद देहलवी नामक दिल्ली के एक मुसलमान ने 9 सितंबर 1947 को दिल्ली में गांधीजी के आगमन को ''बड़ी लंबी और कठोर गर्मी के बाद बरसात की फुहारों के आने, जैसा महसूस किया।

vii) देहलवी ने अपने संस्मरणों में लिखा है कि मुसलमान एक-दूसरे से कहने लगे थे : ''अब दिल्ली बच जाएगी''।

viii) दिल्ली में जब गांधीजी देखा कि दिल्ली का दिल कहलाने वाले चाँदनी चौक की सड़क पर एक भी मुसलमान नहीथा। उसी शाम को अपने भाषण में उन्होंने कहा, ''हमारे लिए इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है कि चाँदनी चौक में एक भी मुसलमान नहीं है।

ix) दिल्ली में मुसलमानों को शहर से बाहर खदेड़ने की सोच से तंग आकर उन्होंने अनशन शुरु कर दिया था जिसमें पाकिस्तान से आए हिंदू और सिख शरणार्थी भी अनशन में उनके साथ बैठते थे।

x) मौलाना आज़ाद ने लिखा है कि इस अनशन का असर, ''आसमान की बिजली जैसा रहा। लोगों को मुसलमानों के सफ़ाए के अभियान की निरर्थकता दिखाई देने लगी।

xi) कोई अन्य मान्य बिन्दु
(समग्रता में मूल्यांकन)

अथवा

i) असहयोग से पहले गांधीजी ने चंपारण, खेड़ा और अहमदाबाद में सफलतापूर्वक स्थानीय आंदोलन चलाए।

ii) रौलट एक्ट के खिलाफ आंदोलन और एक सच्चे राष्ट्रीय नेता के रूप में उभरना।

iii) गांधीजी के अनुसार असहयोग का ठीक से पालन किया जाए तो भारत एक वर्ष के अंदर स्वराज प्राप्त कर लेगा।

iv) असहयोग आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों ने स्कूलों और कॉलेजों का बहिष्कार किया।

v) वकीलों ने अदालत में जाने से मना कर दिया।

vi) कई कस्बों और नगरों में श्रमिक-वर्ग हड़ताल पर चला गया। जिससे 70 लाख कार्यदिवसों का नुकसान हुआ था।

vii) देहात भी असंतोष से आंदोलित हो रहा था।

viii) उत्तरी आंध्रा की पहाड़ी जनजातियों ने वन्य कानूनों की अवहेलना कर दी।

ix) अवध के किसानों ने कर नहीं चुकाए।

x) कुमाऊँ के किसानों ने औपनिवेशिक अधिकारियों का सामान ढोने से मना कर दिया।

xi) इस सबके लिए प्रतिवाद, परित्याग और स्व-अनुशासन आवश्यक थे। वह स्वशासन के लिए एक प्रशिक्षण था।'

1857 के विद्रोह के बाद पहली बार असहयोग आंदोलन के परिणामस्वरूप अंग्रेजी राज्य की नींव हिल गई।

फरवरी 1922 में किसानों के एक समूह ने संयुक्त प्रांत के चौरी-चौरा पुरवा में एक पुलिस स्टेशन पर आक्रमण कर उसमें आग लगा दी। इस अग्निकांड में कई पुलिस वालों की जान चली गई। हिंसा के कारण गांधीजी ने यह आंदोलन तत्काल वापस ले लिया।

xii) महात्मा गांधी के अमरीकी जीवनी-लेखक लुई फिशर ने लिखा है कि 'असहयोग भारत और गांधीजी के जीवन के एक युग का ही नाम हो गया। असहयोग शांति की दृष्टि से नकारात्मक किन्तु प्रभाव की दृष्टि से बहुत सकारात्मक था।

xiii) कोई अन्य मान्य बिन्दु

(समग्रता में मूल्यांकन)

खंड ङ

27. 27.1) राजा अशोक मौर्य को 1+2+2=5

27.2) i) अक्षरों का हल्के ढंग से उत्कीर्ण होना।

ii) अक्षरों का लुप्त हो जाना

iii) कोई अन्य मान्य बिंदु (कोई दो बिंदु)

27.3) I) वेदनादायी था और पश्चाताप हुआ।

ii) युद्ध की जगह धम्म नीति को अपनाया।

iii) कोई अन्य मान्य बिन्दु (कोई दो बिन्दु)

28. 28.1. i) एक अभियंता, सर्वेक्षक तथा मानचित्रकार 2+1+2=5

ii) भारत का पहला सर्वेयर जनरल

iii) कोई अन्य मान्य बिन्दु (कोई दो बिन्दु)

28.2. हम्पी की

28.3. i) भारत के अतीत को बेहतर ढंग से समझने के लिए

ii) उपनिवेश के प्रशासन को आसान बनाने के लिए

iii) कोई अन्य मान्य बिन्दु (कोई दो बिन्दु)

29. 29.1. i) समुदाय और खुद को बीच में रख कर सोचने की आदत ने हो। 1+2+2=5

ii) आत्मानुशासन हो।

iii) कोई अन्य मान्य बिन्दु (कोई दो बिन्दु)

29.2. समुदायों के बीच मतभेद कम करके समानता लाने के लिए।

(कोई अन्य मान्य बिन्दु)

29.3. i) इससे निष्ठा खंडित हो जाएगी जबकि सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केन्द्रित होनी चाहिए।

ii) लोकतन्त्र में प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ होने से लोकतन्त्र का डूबना निश्चित है।

iii) कोई अन्य मान्य बिन्दु (कोई दो बिन्दु)

खंड च



30.2) A) बंबई 1+1=2

B) अहमदाबाद

दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30.1 एवं 30.2 के स्थान पर

30.1. मथुरा, वाराणसी, उज्जैन (अन्य प्रासंगिक स्थल भी मान्य) (कोई तीन)

अथवा

सारनाथ, बोध गया, कुशीनगर, लुम्बिनी, श्रावस्ती (अन्य प्रासंगिक स्थल भी मान्य) (कोई तीन)

30.2. दिल्ली, मेरठ, लखनऊ, बनारस ग्वालियर, जबलपुर, आगरा, (अन्य प्रासंगिक स्थल भी मान्य) (कोई दो)

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

विषय-1

11-(ग)	12-(क)	13-(ख)	14-(ग)
15-(ख)	16-(ख)	17-(ग)	18-(ख)
19-(क)	20-(घ)	21-(पुरोहित राज्य)	

विषय-2

11-(ख)	12-(ग)	13-(क)	14-(घ)
15-(क)	16-(ग)	17-(क)	18-(घ)
19-(घ)	20-(क)	21-(सिर्फ शीर्ष)	

विषय-3

11-(ख)	12-(घ)	13-(ग)	14-(क)
15-(घ)	16-(ख)	17-(ख)	18-(क)
19-(घ)	20-(ग)	21-(श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए)	

विषय-4

11-(घ)	12-(ग)	13-(ख)	14-(क)
15-(ग)	16-(घ)	17-(क)	18-(ख)
19-(क)	20-(घ)	21-(धर्म चक्रप्रवर्तन)	

विषय-5

11-(घ)	12-(ख)	13-(घ)	14-(क)
15-(ग)	16-(ख)	17-(घ)	18-(ग)
19-(क)	20-(ग)	21-(फ्रांस्वा बर्नियर)	

विषय-6

11-(घ)	12-(घ)	13-(क)	14-(ख)
15-(ग)	16-(क)	17-(ग)	18-(क)
19-(क)	20-(घ)	21-(बौद्ध देवी-मारिची)	

विषय-7

11-(ग)	12-(घ)	13-(ख)	14-(क)
15-(घ)	16-(ख)	17-(क)	18-(घ)
19-(ख)	20-(घ)	21-(कमल महल)	

विषय-8

11-(ख)	12-(ग)	13-(क)	14-(घ)
15-(क)	16-(ख)	17-(घ)	18-(क)
19-(ख)	20-(क)	21-(अपने आश्रयदाता को अकबरनामा की पांडुलिपि दे रहे हैं)	

15-(क) 16-(ग) 17-(घ) 18-(क)

विषय-10

11-(क) 12-(ग) 13-(घ) 14-(क)

19-(घ) 20-(ख) 21-सिद्धू मांझी

विषय-11

11-(क) 12-(ख) 13-(क) 14-(घ)

15-(क) 16-(ख) 17-(क) 18-(ग)

19-(क) 20-(ग) 21-नाना साहब

विषय-13

11-(ग) 12-(क) 13-(घ) 14-(ग)

15-(ख) 16-(ग) 17-(ग) 18-(ग)

19-(ग) 20-(क) 21- महात्मा गाँधी

विषय-15

11-(क) 12-(ग) 13-(क) 14-(ग)

15-(ख) 16-(क) 17-(ख) 18-(ख)

19-(ग) 20-(ख) 21- (पंडित जवाहर लाल नेहरू)